भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2292
जिसका उत्तर सोमवार, 09 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है

ऑटोमोबाइल क्षेत्र में मंदी

2292. श्री अहमद पटेल:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार यह मानती है कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र में मंदी आई हुई है;

(ख) क्या सरकार को जानकारी है कि ऐसी खबरें हैं कि अक्तुबर 2019 में वाणिज्यिक-वाहन (सीवी) की बिक्री में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज होने की संभावना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) भारतीय अर्थव्यवस्था वृहत्त हितों और रोजगार सृजन पर इस क्षेत्र में मंदी का क्या प्रभाव पड़ेगा?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) से (घ): ऑटो सेक्टर के सभी सेग्मेंटों सहित अनेक अर्थव्यवस्थाओं में आवर्ती मंदी है। तथापि, त्यौहारी माँग से अक्तूबर, 2019 के दौरान यात्री वाहन सेगमेंट में 0.3% की दर से वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई है। उद्योग द्वारा अस्थाई कार्यबल की छटनी की सूचना दी गई है, तथापि, सरकार के पास रोजगार खोने के कोई निश्चित आँकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

******